गोवा बीफ हड़ताल में साजिश

गोवा के मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर ने शुक्रवार को गोवा बीफ व्यापारियों की हड़ताल की राष्ट्रीय मीडिया द्वारा लगातार कवरेज में साजिश की ओर इशारा किया और साथ ही दावा किया उनके पास खुफिया रिपोर्ट भी है जो इसी तरफ इशारा कर रही है।

न्यूज ब्रीफ

हजारीबाग : मुठभेड़ में 2 माओवादी ढेर

हजारीबाग @ पत्रिका. झारखंड के हजारीबाग में पदमा थाने के अंतर्गत गुरुवार की रात पुलिस व सीआरपीएफ के साथ मुठभेड़ में 2 माओवादियों के मारे जाने की खबर है। इस एनकाउंटर में कई नक्सली घायल भी हुए बताए जाते हैं, जो भाग निकले। मारे गए माओवादियों के पास से एक एके 47, इंसास राइफल व कई कारतूस मिले।

5900 डेटोनेटर बरामद, 1 गिरफ्तार

गया @ पत्रिका. जिले के बाराचट्टी क्षेत्र से पुलिस ने गुरुवार रात 5,900 डेटोनेटर बरामद किए। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि झारखंड से विस्फोटकों का जखीरा गया पहुंचने की सूचना मिली थी।

म्यांमार में भूकंप के झटके

यांगून @ पत्रिका. म्यामांर के बागो क्षेत्र में शुक्रवार तड़के रिक्टर पैमाने पर 6.0 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र फ्यू शहर से 27.3 किलोमीटर की दूरी पर रहा।

रिटर्न नहीं भरने वालों पर शिकंजा

नई दिल्ली @ पत्रिका. टैक्स नहीं भरने वाले टैक्सपेयर्स पर आयकर विभाग ने इस साल शिकंजा कसा है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने इस बारे में जानकारी दी गई है।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा...

बिल न देने पर मरीज को रोके रखना गैरकानूनी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

मुंबई . बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि बिलों का भुगतान न होने पर किसी मरीज को अस्पताल में रोककर रखना गैरकानूनी है और सभी को इस बात की जानकारी होनी चाहिए। जस्टिस एससी धर्माधिकारी व भारती डोगरा की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग को रोगियों के कानूनी अधिकारों व दोषी अस्पतालों के खिलाफ लागू होने वाले दंडनीय प्रावधानों की जानकारी वेबसाइट पर प्रकाशित करने का निर्देश दिया। अस्पतालों के खिलाफ नियामक आदेश प जारी करते हुए कहा कि यह सरकार का काम है।

आजादी का हरण

पीठ ने कहा, कोई अस्पताल किसी व्यक्ति को केवल इस आधार पर कैसे रोककर रख सकता है कि बिल का भुगतान नहीं हुआ, जबकि उसे सेहतमंद घोषित किया गया है। इस तरह के अस्पताल किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत आजादी का हरण कर रहे हैं।

दो अस्पतालों पर 7.60 करोड़ का जुर्माना

पत्रिका ब्यूरो @ कोलकाता. राष्ट्रीय उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग ने कोलकाता के 2 अस्पतालों और 3 डॉक्टरों पर 7.6 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। उल्टाडांगा क्षेत्र के 45 वर्षीय इंजीनियर कमल गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। डॉक्टरों ने कहा था कि उनकी बीमारी का इलाज ऑपरेशन है, लेकिन देरी से ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के कुछ दिन बाद उनकी मौत हो गई थी। दूसरी घटना दक्षिण कोलकाता के एक नर्सिंगहोम की है। यहां गलत इलाज से 60 वर्षीय हिमांशु की मौत हो गई थी। दोनों के परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई थी।

'पोस्टमार्टम रिपोर्ट पेश करे महाराष्ट्र सरकार'

नई दिल्ली @ पत्रिका. गुजरात में सोहराबुद्दीन एनकाउंटर केस की सुनवाई कर रहे जज लोया की मौत की स्वतंत्र जांच की मांग करने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्टअब 15 जनवरी को सुनवाई करेगा। जस्टिस अरुण मिश्रा की अध्यक्षता वाली बेच ने केंद्र और महाराष्ट्र सरकार को याचिका पूरे तरीके से पढ़कर कोर्ट में बहस के लिए तैयार होकर आने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि ये मामला काफी संवेदनशील है इसलिए बिना पूरी तैयारी के कोर्ट इस पर सुनवाई नहीं करेगी।

15 को होगी भाजयुमो की रैली : हाईकोर्ट

पत्रिका ब्यूरो @ कोलकाता. विशेष पर्यवेक्षक की निगरानी में भारतीय जनता युवा मोर्चा की बाइक रैली पर हमले के बाद कलकत्ता हाई कोर्ट ने शुक्रवार को संगठन को अब 15 जनवरी से बाइक रैली करने की इजाजत दे दी है। हमले में घायल विशेष पर्यवेक्षक रवीन्द्र नाथ डे का बयान सुनने के बाद खंडपीठ ने कहा कि कोर्ट के निर्देश के बावजूद सरकार रैली में लोगों को सुरक्षा नहीं दे पाई। कोर्ट ने कहा कि रैली तो निकलेगी। सरकार बताए कि वह रैली की सुरक्षा दे पाएगी या नहीं। अगर नहीं तो कोर्ट सुरक्षा की वैकल्पिक व्यवस्था करेगा।

फेसबुक पर दोस्ती कर 32 लाख रु. की ठगी

पत्रिका ब्यूरो @ चण्डीगढ़. हरियाणा पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने गुरुग्राम से हर्बल सीड्स का व्यवसाय करने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

साहित्यकार दूधनाथ सिंह का निधन

पत्रिका ब्यूरो @ लखनऊ . हिंदी जगत के प्रसिद्ध साहित्यकार दूधनाथ सिंह का गुरुवार देर रात इलाहाबाद के एक अस्पताल में निधन हो गया। कैंसर से पीड़ित 81 वर्षीय दूधनाथ सिंह पिछले कई दिनों से अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें बुधवार रात दिल का दौरा पड़ने के बाद वेंटीलेटर पर रखा गया था। बता दें कि ज्ञानरंजन, काशीनाथ सिंह, दूधनाथ सिंह, रवींद्र कालिया को हिंदी के 4 यार कहा जाता है।

मध्यप्रदेश में बैन रहेगी 'पद्मावत'

पत्रिका ब्यूरो @ भोपाल . राजस्थान के बाद अब मध्यप्रदेश में भी पद्मावत फिल्म रिलीज नहीं होगी। यहां इस फिल्म पर पहले की ही तरह बैन रहेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में फिल्म रिलीज नहीं होने देंगे, चाहे इसका नाम बदल गया हो। देश भर में इस फिल्म के विरोध के बाद मध्यप्रदेश में भी इसके विरोध को देखते हुए मुख्यमंत्री ने इसके रिलीज पर रोक लगाने का ऐलान किया था। अब फिल्म का नाम बदले जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में फिल्म पर बैन रहेगा, जो कहा था वही होगा।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर
(भारत सरकार द्वारा स्थापित एक स्वायत्त निकाय)
बासनी, जोधपुर (राजस्थान)-342 005
दूरभाष: 0291-2740741, ईमेल-recruitment@aiimsjodhpur.edu.in

-:: विज्ञप्ति :-

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर नये एम्स में से एक राष्ट्रीय महत्ता का एक स्वायत संस्थान है और प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अधीन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा स्थापित किया जाने वाला शीर्ष स्वास्थ्य सेवा केन्द्र है, जिसका उद्देश्य देश में तृतीयक स्तर की गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवा में क्षेत्रीय असमानता को ठीक करना और स्नातक व स्नातकोत्तर चिकित्सा व प्रशिक्षण में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना है।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर (राजस्थान) में विभिन्न विभागों में सीधे भर्ती आधार पर निम्नलिखित संकाय पद हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित है, विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	विभाग का नाम	प्रोफेसर	अतिरिक्त प्रोफेसर	सह प्रोफेसर	सहायक प्रोफेसर
1	शरीर रचना विज्ञान विभाग	.	1	1	1
2	जैव रसायन विज्ञान विभाग	.	.	1	.
3	बर्न्स एण्ड प्लास्टिक सर्जरी	1	1	4	.
4	कार्डियोलॉजी	1	1	1	.
5	कार्डियोथोरेसिक सर्जरी	1	1	4	1
6	सामुदायिक चिकित्सा एवं परिवार चिकित्सा	.	1	.	1
7	दन्त चिकित्सा विभाग	1	.	.	.
8	त्वचा विज्ञान विभाग	1	1	.	1
9	विकिरण निदान विभाग	2	1	3	2
10	नाक-कान गला विभाग	1	.	.	.
11	एंडोक्राइनोलॉजी एण्ड मेटाबॉलिज्म	1	1	1	.
12	न्यायायिक चिकित्सा एवं विष विज्ञान विभाग	1	.	.	.
13	गैस्ट्रोएन्ट्रोलॉजी	1	1	1	1
14	सामान्य शल्य चिकित्सा	2	1	3	1
15	सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग	1	2	1	.
16	निफ्रोलॉजी	1	1	1	2
17	नेफ्रोलॉजी	1	1	1	.
18	न्यूरोलॉजी	1	1	.	1
19	न्यूरो सर्जरी	.	.	4	1
20	स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग	1	.	1	.
21	हड्डी रोग विभाग	1	1	1	1
22	पिडियाट्रिक सर्जरी	.	.	2	.
23	पिति विभाग एवं लेब मेडीसिन विभाग	2	2	1	1
24	शिशु रोग विभाग	1	1	1	.
25	औषध गुण विज्ञान विभाग	.	1	.	1
26	शरीर क्रिया विज्ञान विभाग	1	.	1	1
27	मनोरोग चिकित्सा विभाग	1	1	.	1
28	सर्जिकल गेस्ट्रो एंट्रोलॉजी	1	1	4	.
29	सर्जिकल ऑन्कोलॉजी	1	1	4	1
30	दुर्घटना एवं आपातकालीन विभाग	1	.	.	6
31	यूरोलॉजी	1	1	4	.

विस्तृत विज्ञापन और ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र संस्थान की वेबसाइट- http://www.aiimsjodhpur.edu.in पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा कराने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में प्रकाशित होने की तिथि से 30 दिन होगी।

हस्ते/- प्रशासनिक अधिकारी

राष्ट्रीय युवा महोत्सव शुरू...

'योगीजी भी कम खिलाड़ी नहीं'

पीएम ने कहा, युवा लें विवेकानंद के कथनों से सीख

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योगी आदित्यनाथ की अपने अंदाज में तारीफ करते हुए कहा कि योगी जी भी कम खिलाड़ी नहीं हैं। कई राज्यों में बहुत लोगों के साथ हमारे योगी जी ट्विटर-ट्विटर का खेल खेल रहे हैं और इसमें अच्छे-अच्छे खिलाड़ियों को उन्होंने परास्त करके रख दिया है। दरअसल, प्रधानमंत्री ग्रेटर नोएडा में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में

आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मोदी ने ट्विटर पर हाल ही में योगी और कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया के बीच हुई झड़प पर चुटकी ली।

अपने संबोधन में पीएम ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के कथनों से सीख लेने की प्रेरणा दी।

जॉब क्रिएटर बनें नौजवान : पीएम

पीएम ने कहा कि देश का नौजवान जॉब क्रिएटर बने। इनोवेटिव करने के लिए आगे आए। किताब में पढ़ना कि हवाई जहाज कैसे बनता है, उसकी बारीकियों को समझना, ये सब शिक्षा है, लेकिन कौशल से ही कोई हवाई जहाज उड़ा सकता है। सिर्फ शिक्षा हो और कौशल न हो तो रोजगार में मुश्किल होती है। इसलिए हम कौशल बढ़ाने पर फोकस करते हैं।

एलओसी पर भारत और पाक सेना में गोलीबारी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

श्रीनगर . जम्मू एवं कश्मीर के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर शुक्रवार को भारत और पाकिस्तानी सैनिकों के बीच भारी गोलीबारी हुई और मोर्टार भी दागे गए। हालांकि इसमें किसी नुकसान की कोई खबर नहीं है।

रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि पाक सैनिकों ने स्वचालित एवं छोटे हथियारों व मोर्टार से भारतीय चौकियों पर निशाना साधा। भारतीय सैनिकों ने इसका मुस्तैदी से जवाब दिया।

जवान घायल : इधर, बारामूला जिले के उरी सेक्टर में शुक्रवार को बारूदी सुरंग फटने से एक जवान घायल हो गया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार घायल जवान कुलदीप सिंह राष्ट्रीय राइफल में तैनात है। वह कमालकोट इलाके में गश्त लगा रहा था।

गवाही न दे सके इसलिए जुबान ही काट दी

पत्रिका ब्यूरो @ फैजाबाद . फैजाबाद में दबंगों ने हत्या के मामले में गवाह बने एक व्यक्ति की जुबान काट डाली। कुछ समय पहले जिले के पलिया प्रतापशाह गांव में दबंगों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी।

इनायतनगर थाना एरिया के पलिया प्रतापशाह गांव निवासी जनक राज सिंह उर्फ बैरिस्टर (38) ने लिखकर बताया कि राम स्वरूप व रवि सिंह ने पहले उसका हाथ पकड़ लिया और बलराम यादव ने उसका गला दबा दिया इतने में राम पदारथ ने चाकू से उसकी जुबान काट डाली थी।

ओडिशा का माउंटेनमैन...

अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए पिता ने दो साल में काट दिया पहाड़, बना दी सड़क

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

दो साल तक आठ घंटे हर दिन काटा पहाड़

जालंधर नायक ने लगातार दो साल तक हर दिन आठ घंटे अकेले ही पहाड़ काटकर इस सड़क का निर्माण किया है। ये सड़क उसके गांव गुमसही को मुख्य मार्ग से जोड़ने का काम करेगी, जिससे उसके बेटों को स्कूल जाने में काफी आसानी होगी। नायक के तीन बेटे हैं, जिन्हें स्कूल जाने के लिए पहले पहाड़ के पर चढ़कर जाना पड़ता था। इसके चलते उनका काफी समय इसमें चला जाता था।

फुलबानी . ओडिशा . बिहार के दशरथ मांझी के बारे में तो आपने जरूर सुना होगा, कि किस तरह उन्होंने सिर्फ हथौड़े और छैनी से अकेले ही 360 फुट लंबी 30 फुट चौड़ी सड़क का निर्माण पहाड़ को काट कर किया था। इसके लिए उन्हें 22 साल लगे थे। ऐसा ही एक हैरान कर देने वाला कारनामा ओडिशा के जालंधर नायक ने कर दिखाया है, जिन्होंने अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए पहाड़ काटकर 8 किलोमीटर लंबी एक सड़क का निर्माण कर दिया है।

7 किमी की सड़क का निर्माण अगले 3 साल में

अब नायक का गुमसाही गांव फुलबानी कस्बे की मुख्य सड़क से जुड़ गया है, जो कि कंधामल जिले में है। फिलाहल नायक ने 8 किलोमीटर का रास्ता बनाया है और बाकि के 7 किलोमीटर का रास्ता वो अगले 3 साल में पहाड़ काटकर ही बनाएगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
किराये पर फोटोकापी सेवाएं हेतु निविदा सूचना
ई-निविदा सूचना सं.: सि.डीएमएम-बीएसपी-जेरॉक्स-43, दिनांक 03/01/2018
कार्य: खुली निविदा के आधार पर बिलासपुर डिविजन में दो मशीन के लिये डीआरएम ऑफिस कॉम्पलेक्स और कंट्रोल ऑफिस कॉम्पलेक्स में फोटोकॉपी सेवाओं को किराये पर लेने के लिये। निविदा मूल्य: ₹ 66,42,287.10 (₹ छैसठ लाख, बयालीस हजार दो सौ सत्यासी और दस पैसे मात्र) सभी करों और व्यय सहित, प्रतिभूति राशि: ₹ 1,32,850/- (₹ एक लाख बत्तीस हजार आठ सौ पचास मात्र). निविदा जमा करने की तिथि: दिनांक 13.02.2018 को दोपहर 15.00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे। निविदा खुलने की तिथि: दिनांक 13.02.2018 को दोपहर 15.00 बजे खोले जायेंगे। उपरोक्त ई-निविदा की विस्तृत जानकारी रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई-निविदा के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
सीपीआर/10/474 वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक
स्वच्छ भारत अभियान

संचालनालय, संस्कृति एवं पुरातत्व, रायपुर छत्तीसगढ़
E-mail: deptt_culture@yahoo.co.in, Website: www.cgculture.in
Tele. Fax : 0771-2234731 (O), Phone No. 0771-2537404 (O)

क्रमांक 4364 **"किशोर साहू सम्मान" 2018** दिनांक, 11.01.18

छत्तीसगढ़ शासन, संस्कृति विभाग ने हिन्दी/छत्तीसगढ़ी सिनेमा में रचनात्मक लेखन, निर्देशन, अभिनय, पटकथा, निर्माण के क्षेत्र में उपलब्धि तथा दीर्घ साधना को सम्मानित करने और इनमें कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से राज्य स्तरीय सम्मान की स्थापना की है। इस पुनीत कार्य में व्यक्तियों के योगदान को प्रोत्साहित करने, मान्यता देने एवं प्रतिष्ठा मंडित करने के उद्देश्य से राज्य शासन ने हिन्दी/ छत्तीसगढ़ी सिनेमा में रचनात्मक लेखन, निर्देशन, अभिनय, पटकथा, निर्माण के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्ति/ संस्था को ''किशोर साहू सम्मान'' राशि रु. 2.00 लाख नगद एवं प्रशस्ति पत्र के रूप में दी जायेगी। इस हेतु प्रविष्टियां/अनुशंसाएं आमंत्रित है।

1. चयन समिति की अनुशंसा पर शासन द्वारा अंतिम रूप से घोषित एक व्यक्ति/ संस्था को दो लाख नगद और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा।
2. सम्मान के लिए निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रविष्टियां आमंत्रित की जाती है।

क्र.	आवेदक नाम एवं पता	जन्मतिथि एवं आयु	प्रस्तावक का विवरण	व्यक्ति/संस्था की उपलब्धियों संक्षिप्त ब्यौरा एवं कार्य अनुभव का वर्ष	प्राप्त सम्मान/ पुरस्कार विवरण अन्तर्राष्ट्रीय/ राष्ट्रीय/ राज्यस्तरीय	वर्तमान में शासकीय सेवारत होने की स्थिति में सामान्य प्रशासन विभाग से अनुमति पत्र संलग्न है अथवा नहीं	सम्मान हेतु सहमति पत्र संलग्न है अथवा नहीं
1	2	3	4	5	6	7	8

* व्यक्ति का पूर्ण परिचय, पता व फोटोग्राफ।
* हिन्दी/छत्तीसगढ़ी सिनेमा में रचनात्मक लेखन, निर्देशन, अभिनय, पटकथा, निर्माण के क्षेत्र में किये गये कार्यों की जानकारी।
* यदि कोई अन्य सम्मान प्राप्त किया हो, तो उसका विवरण।
* हिन्दी/छत्तीसगढ़ी सिनेमा में रचनात्मक लेखन, निर्देशन, अभिनय, पटकथा, निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य की जानकारी व प्रमाण एवं उत्कृष्ट कार्य करने के संबंध में प्रकाशित सामग्रियों की छायाप्रति.
* हिन्दी/छत्तीसगढ़ी सिनेमा में रचनात्मक लेखन, निर्देशन, अभिनय, पटकथा, निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के संबंध में प्रख्यात पत्र/पत्रिकाओं/ ग्रंथ के मुखपृष्ठ की फोटोप्रति (सत्यापित) यदि कोई हो।

3. लिफाफे में प्रविष्टियां भेजी जावें, उस पर ''किशोर साहू सम्मान 2018'' अंकित किया जाना आवश्यक है।
4. प्रविष्टियों के लिए अंतिम तिथि 27.01.2018 है।
5. प्रविष्टियां अधोहस्ताक्षरकर्ता को रजिस्टर्ड डाक/website : www.cgculture.in में प्रेषित करें।
6. प्रस्तुत की गई प्रविष्टियां वापस नहीं की जायेंगी तथा इस संबंध में कोई भी पत्राचार मान्य नहीं होगा।
7. संबंधित सम्मान वर्ष के लिए प्राप्त प्रविष्टियों के अलावा निर्णायक मंडल (जूरी) स्वविवेक से ऐसे व्यक्ति/ संस्था के नाम पर विचार कर सकेगा, जिन्हें वह सम्मान के उद्देश्यों व अनुरूप पाए।
8. उक्त सम्मान के संबंध में विस्तृत जानकारी website : www.cgculture.in से प्राप्त किया जा सकता है।

संचालक
संस्कृति एवं पुरातत्व
जी-47351

पेज 1 का शेष

ओडीएफ...

दल के सदस्यों ने जैसे ही पंचायत भवन में प्रवेश किया, ग्रामीणों ने भवन में ताला जड़ दिया और बाहर खड़े होकर नारेबाजी करने लगे। ग्रामीणों ने अपनी पुरानी मांगों को दोहराते हुए गांव को ओडीएफ नहीं होने के बावजूद कागजी आकड़ा प्रस्तुतकर ओडीएफ घोषित करने का जिक्र करते हुए जमकर भड़ास निकाली। पुलिस प्रशासन की सख्ती एवं तहसीलदार के काफी मान-मनौव्वल के बाद ग्रामीणों ने पंचायत भवन का ताला खोलकर बंधक दल को बाहर निकाला।

बच्चों...

दो बच्चियों को डूबने से बचाया : रायगढ़ जिले के ग्राम पंचाधर निवासी मूकबधिर महिला कनकलता प्रधान की 7 व 5 साल की दो बेटियां तालाब में डूब रही थीं। मूकबधिर महिला इशारों से लोगों को घटना बताने की कोशिश कर रही थी। 17 वर्षीय प्रशांत सिदार पिता श्यामलाल सिदार ने महिला के इशारों को समझकर तालाब में छलांग लगा दी और एक बच्ची को बाहर निकाला। महिला ने इशारों में दूसरी बच्ची का भी लोकेशन बताया। प्रशांत उसे भी बाहर निकाल लाया।

तालाब में कूदकर डूबते भाई को बचाया : धमतरी जिले के गाम सौगा निवासी फागराम साहू की 11 साल की बेटी खेमलता साहू ने अपने पांच साल के छोटे भाई पुष्पराज को तालाब में डूबने से बचाया। घटना के समय पुष्पराज को तालाब में डूबते देख अन्य बच्चे चिल्लाते हुए भाग गए। पास के हनुमान मंदिर में पूजा कर रही खेमलता ने भाई को डूबने की बात सुनी तो वहां पहुंचकर तालाब में छलांग लगा दी। उसने भाई को सुरक्षित बाहर निकाला और अस्पताल ले गई।

46 बाघों...

यदि गणना में यह संख्या पूरी नहीं हुई तो विभाग को जवाब देना पड़ेगा। बताया जा रहा है कि अप्रैल में पहले चरण की गणना को पुष्ट करने के बाद नवम्बर 2018 तक इसका विस्तृत डाटा भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून को इसे भेजा जाएगा। यह गणना राष्ट्रीय बाघ प्राधिकरण (एनटीसीए) के निर्देश पर देशभर में एक साथ की जा रही है। हालांकि, विभागीय अधिकारियों का कहना है कि टीम इस समय गणना करने में जुटी हुई है। प्रशिक्षण में विलंब के कारण इसके गणना का काम प्रभावित हुआ है। ऐसी गणना प्रत्येक चार वर्ष में एक बार होती है।

पत्रिका क्लासीफाइड
क्लासीफाइड विज्ञापन हेतु डायल करें मो.: 99932-30534

आवश्यकता

सुरक्षाकर्मी
• स्टायर्ड फौजियों की सभी जिलों/तहसीलों में आवश्यकता, कर्नल- 55000/-, मेजर- 48,500/-, कैप्टन- 42,500/-, सुबेदार (JCO)- 38,500/-, हवलदार- 32,500/-, नायक, BSF, CRPF, ITBP, CISF- 30,000/- सिपाही- 28,500/-, सिक्योरिटी ऑफिसर, रहना+ खाना + इंश्योरेंस मुफ्त, अपनी डिस्चार्ज बुक, तीन फोटो सहित मिलें- 8427529357, 8427530783

ड्राइवर
• टाटा ऐस चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- कविता फॉलीमर्स उरकुरा रेल्वे स्टेशन के पास, भनपुरी रायपुर मोबाइल नं. 94252-02114, 78048-00001

अन्य
• RECC कॉल सेंटर हेतु 650 लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है। योग्यता 10वीं, 12वीं, BA, लैपटॉप, हैडफोन, वेतन 18500-23500 # 7530946323, 7557644548

• ARISE निःशुल्क 185 युवक/युवती 10वीं-पोस्ट ग्रेजुएट उम्र-18-28 आय 8500-15000 मुफ्त आवास + प्रमोशन, वार्ड-1, रामनगर कवर्धा मो. 7649888486, 9589850288

• Mobile Telecom कंपनी में SMS JOB बेरोजगार लड़के/लड़कियां/गृहणियां घर बैठे पार्ट/फुलटाईम SMS भेजकर कमायें 18000-60000 महिना+ साप्ताहिक पेमेंट+ मोबाईल +लैपटॉप आकर्षक उपहार रजिस्ट्रेशन करवाए कॉल/SMS- 08228898902, 07970793092

उपलब्ध

ब्यूटी पार्लर/फिटनेस
• Real Life Friendship Club हर उम्र के युवक हाईप्रोफाइल हसीनाओं से मीटिंग करें 15000/-से 20000/-तक कमाएं # 7290975092 # 8447266929

ज्योतिष/वास्तुकार
• कैं ज्योतिष कार्यालय - गुरु सूर्य श्रीवास्तव गृहक्लेश, महावशीकरण, लक्ष्मी प्राप्ति, शादी, कारोबार - नौकरी, शत्रु-छुटकारा, संतान प्राप्ति, बीमारी शीघ्र समाधान। स्थाई पता- महावीर नगर, रायपुर समय- 12:00-8:00। सम्पर्क- 8962646773, 8357943709, 8357940866

व्यापार

मोबाइल टावर
✔ (बिना खर्च) Indus Tower Govt approved सभी कंपनियों के 3G/4G टॉवर जमीन छत, प्लाट पर लगवाए एडवांस 70,00000, किराया 45000+ 1 नौकरी + 25000 सैलरी धोखेबाजों से सावधान- 07520728388, 08295608748

✔ मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़वासियों हेतु सुनहरा अवसर Bansal Tower भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सभी कम्पनियों के 3G/ 4G डिजिटल टॉवर, छत, जमीन, प्लाट पर लगवाएं एडवांस 70,00,000 किराया 45000, नौकरी, सैलरी 25000, रजिस्ट्रेशन फीस 1200/-, 08591252661, 08054488283

✔ (बिना खर्च) भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त Tower Vision कम्पनी से अपनी खाली जमीन, छत, प्लॉट पर टॉवर लगवाएं। एडवांस 90,00,000, किराया 90,000, 1 नौकरी (धोखेबाजों से सावधान) 07895640234, 08278171495

✔ (बिना खर्च) भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सभी कम्पनियों के 3G/4G टॉवर लगवाएँ एडवांस- 70,00,000/- किराया- 70,000/-+ 2 नौकरी- 08755924955, 09997807694

फाइनेंस/लोन
✔ एक बार सेवा का मौका अवश्य दें श्री बाला जी फाइनेंस (Pvt. Ltd.) जनरल योजना अंतर्गत लाखों ग्राहकों का सम्पूर्ण विश्वास (100000- 9500000) मार्कशीट, प्रोपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, आधारकार्ड, राशनकार्ड लोन (ब्याज 1%, छूट 40%) कामकाजी कार्यवाही। एजेंट आमंत्रित। 85 लाख संतुष्ट ग्राहक। सम्पर्क- पूजा शर्मा - 9313740543, 9069164881.

✔ Astha Finance खर्चा लोन पास होने के बाद घर बैठे लोन लीजिए केवल आधारकार्ड पर 10 लाख सरकारी योजना द्वारा 2% वार्षिक ब्याज 50% माफ- 098575-87395

वर-वधू चाहिए

पंजाबी
• पंजाबी युवक/ युवती परिचय सम्मेलन, 11 फरवरी 2018 शीघ्र रजिस्ट्रेशन / पंजाबी समाज समिति, शीतलामाता मंदिर, नूकॉलोनी, गुमानपुरा- कोटा (राज.), 9414330500, 9414179109

छोटा दाम! बड़ा काम!!

पाठकों को सलाह
पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन (सामान्य/ वैवाहिक) पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्चा करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार सम्बन्ध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/ सम्पूर्ण (वैवाहिकी हेतु स्टेट्स, उम्र एवं आय आदि) जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा जारी किए गए किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है।
-व्यवस्थापक

बजट में फिट रिस्पॉन्स में हिट
पत्रिका
खबरें असरदार, अखबार दमदार

अब पत्रिका क्लॉसीफाइड में विज्ञापन दें और पाएं कम खर्चे में ज़्यादा चर्चे यानि अब पत्रिका की बढ़ती पाठक संख्या के साथ आपके विज्ञापन को मिलेगा रिस्पॉंस ज़्यादा और बढ़ेगी आपकी पहुँच ज़्यादा. पेश है पत्रिका की एक नई क्लॉसीफ़ाइड विज्ञापन स्कीम, जिसमें आप पाएंगे फ़ायदा ज़्यादा.

RUNNING CLASSIFIEDS (Per Day)

Category	Raipur City	Raipur Edi.	Bhilai	All CG
Property (Sale/Purchase)	550/-	660/-	303/-	990/-
Property To-Let	440/-	605/-	253/-	825/-
Appointment	330/-	440/-	187/-	660/-
Commercial	358/-	605/-	220/-	743/-

Scheme- 3+1, 5+3, 10+8, 20+20, 40+60

DISPLAY CLASSIFIEDS (Per Sqcm.) B/W

Category	Raipur City	Raipur Edi.	Bhilai	All CG
Property (Sale/Purchase)	138/-	248/-	105/-	330/-
Commercial	121/-	193/-	99/-	248/-
Appointment	165/-	220/-	99/-	330/-

Scheme For Classified Appointment Display 1+1, 2+3
Scheme For Classified Other Display 2+1, 3+2, 5+5, 10+20
DISPLAY CLASSIFIEDS : REVERSE 10% OR COLOUR CHARGE 15% EXTRA

5% GST Extra Charge

■ रायपुर एडीशन की दर पर बुक होने वाले विज्ञापन रायपुर जिला एवं राजनांदगांव, महासमुंद, धमतरी, बलौदाबाजार-भाटापारा, गरियाबंद, कांकेर, कवर्धा में प्रकाशित होगें। ■ ऑल छत्तीसगढ़ में रायपुर, भिलाई एवं बिलासपुर एडीशन में प्रकाशित होगें।
• 25 शब्दों से अधिक होने पर अतिरिक्त 5 रु. प्रति शब्द देय एवं ऑल छत्तीसगढ़ अतिरिक्त 10 रु. प्रति शब्द, अधिकतम 50 शब्दों तक
• कलर/बोल्ड विज्ञापन 100/- अतिरिक्त • विज्ञापन न्यूनतम साईज 5cm.(h) x 3cm.(w) ही स्वीकार्य • विज्ञापन बुकिंग समय प्रातः 12 से शाम 5 बजे तक

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : 412-416, चतुर्थ तल, हर्षित कॉर्पोरेट, आमानाका, रायपुर (छ.ग.) फो.: 0771-2263055, मो.: 9993230534